

समाहरणालय, बेगूसराय
जिला बाल संरक्षण इकाई
(समाज कल्याण विभाग)

Email:-dcpubeg@gmail.com, Add-Ashoknagar Pokharia, Begusarai

बिहार सरकार
समाज कल्याण विभाग

पत्रांक–362/बा0स0इ0/दिनांक–21-03-2025

प्रेषक,

सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई
बेगूसराय।

सेवा में,

निदेशक
सूचना एवं जन संपर्क निदेशालय,
बिहार पटना।

विषयः– **पर्यवेक्षण गृह, बेगूसराय में रिक्त पद के विरूद्ध नियोजन हेतु राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशन करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध मे कहना है कि पर्यवेक्षण गृह, बेगूसराय में रिक्त पद के विरूद्ध नियोजन हेतु विज्ञापन प्रकाशन की विवरणी Soft Copy में तैयार कर Online समर्पित किया जा रहा है।

अतः अनुरोध है कि संलग्न विवरणी के अनुरुप पटना संस्करण, बेगूसराय संस्करण एवं भागलपुर संस्करण के दैनिक समाचार पत्र में यथाशीघ्र प्रकाशित करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक– प्रेस विज्ञप्ति से संबंधित दस्तावेज।

विश्वासभाजन

21.03.2025

सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई
बेगूसराय।



समाहरणालय, बेगूसराय
जिला बाल संरक्षण इकाई
(समाज कल्याण विभाग)

Email:-dcpubeg@gmail.com, Add-Ashoknagar Pokharia, Begusarai

बिहार सरकार
समाज कल्याण विभाग

विज्ञापन सं0–02 / 2025

निदेशक, समाज कल्याण–सह–उपाध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति, बिहार, पटना के निदेश के आलोक में पर्यवेक्षण गृह, बेगूसराय के संचालन के लिए निम्नांकित पदों हेतु संविदा आधारित व अस्थायी पदों के लिए विनिर्धारित योग्यता एवं मानदेय के आधार पर नियोजन हेतु सुयोग्य/इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

क्र0	पद का नाम	न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता	वांछित अर्हता	कोटि	उम्र	मासिक मानदेय
1.	Educator (Part time)	10+2 with Diploma in elementary education (D.El.Ed.) or Bachelor in any discipline form recognized University.	Good oral and written communication skill. Sensitivity to children in difficult circumstances should exhibit child friendly communication	01 (UR)	18 & Above	10,000/-
2.	Art & Craft- Cum-Music Teacher (Part time)	10+2 with Senior Diploma in Art & Craft/ Music From recognized University	Sensitivity to children in difficult circumstances should exhibit child friendly communication	01 (UR)	18 & Above	10,000/-
3.	P.T Instructor-Cum yoga Trainer (Part time)	10+2 and Diploma/ Degree in Physical education form recognized University	Sensitivity to children in difficult circumstances should exhibit child friendly communication	01 (UR)	18 & Above	10,000/-
4.	Sweeper	A person with personal literacy	Demonstrable sensitivity to children in difficult circumstances	01 (UR)	Upto 55 Years	7,944/-

1. नियोजन अवधिः–मानदेय आधारित उपरोक्त सभी पद संविदा आधारित अस्थायी पद होंगे जिन्हें आवश्यकतानुसार संतोषजनक कार्य अथवा विभागीय निदेश के आलोक में विस्तारित किया जा सकेगा।
2. आवेदक आवेदन पत्र के लिफाफे के उपर मोटे अक्षरों में पर्यवेक्षण गृह, बेगूसराय में चयन हेतु आवेदित पद के नाम उल्लेख करेंगे।
3. आवेदक को आवेदन पत्र के साथ सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र, अंक पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. चयन प्रक्रिया–पदवार निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं वांछित अनुभव रहने वाले योग्य उम्मीदवार को ही साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाएगा। साक्षात्कार में भाग लेने हेतु संबधित सूचना आवेदक के मोबाईल/ई–मेल पर दी जाएगी। साक्षात्कार/काउन्सलिंग में भाग लेने वाले किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी तरह का भत्ता देय नहीं होगा।
5. मानदेय के आधार पर चयनित कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और न ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जायेंगे। मानदेय के आधार पर चयनित हुए कर्मियों द्वारा सरकारी सेवा के नियमतीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
6. किसी भी न्यायिक विवाद की स्थिति में अथवा अन्य कारणों से इस विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकार सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, बेगूसराय के पास सुरक्षित होगा।
7. इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अंदर केवल निबंधित डाक से बायोडाटा, मोबाईल नं0 एवं ईमेल सहित आवेदन पत्र सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, अशोक नगर पोखड़िया, वार्ड नं0–36 (कृष्णामूर्ति पब्लिक स्कूल के नजदीक), बेगूसराय, बिहार, पिन–851101 के पते पर भेज सकते हैं।
8. एक से अधिक पदों के लिए अलग–अलग आवेदन मान्य होगा।
9. अभ्यर्थियों का चयन, चयन समिति के द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।
10. साक्षात्कार की तिथि को आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति लाना अनिवार्य होगा।
11. आयु की गणना 01.01.2025 से की जाएगी।
12. नियोजन के समय उपलब्ध करायी गई सूचनाओं के गलत पाये जाने की स्थिति में नियोजन समाप्त करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई
बेगूसराय।

सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई
समाज कल्याण विभाग
बेगूसराय.